

## एक नजर में

### मिलनसार शिक्षक धनराज बीसे का हृदयघात से निधन



**गोगावा।** एकीकृत कन्या शाला गोगावा में पदस्थ शिक्षक धनराज बीसे 45वर्ष का मंगलवार बुधवार की रात्रि में हृदयघात से निधन हो गया है सुबह मालूम होते ही अस्पताल में शिक्षको की भीड़ जमा हो गई मिलनसार व स्कुली कार्य में अग्रणी रहे ऐसे शिक्षक साथी के अचानक चले जाने से ब्लाक के शिक्षकों में दुख व्याप्त है। बीसे सर मूल रूप से देवास जिले के निवासी थे जो की 2022/23 के दौरान प्रथम नियुक्ति में गोगावा की शासकीय कन्या शाला स्कुल में पदस्थ हुए थे। शिक्षको ने इस दुख की घड़ी में शोक संतृप्त परिवार के प्रति गहरा शोक जताया है। इनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक शहर देवास में बुधवार को किया गया। बीसे सर के निधन के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी राहुल पाध्ये, पीएम श्री स्कुल टेमला के प्राचार्य अशोक पंवार, बीआरसी विवेक शर्मा, शांतिलाल जैन ,ज्ञानचंद निहाले, कोचक सर, बीएसी प्रभु मोरे, रेखा पंवार, कमेंद्र सोलंकी, राजेंद्र भालसे,चंद्रभान सिंह, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील सेन, कन्या शाला के प्रधान पाठक छोटू शेख, सलीम शेख इदरीस खान इस्माइल खत्री आदि शिक्षकगण भी मौजूद थे।

### पुलिस ने नशे से दूरी, है जरूरी अभियान चलाया, लोगों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ




**महेश्वर ( निप्र )।** महेश्वर पुलिस द्वारा बुधवार को नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के तहत बस स्टैंड जय स्तंभ चौराहा पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना स्टाफ ने उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने के फायदे बताए और उनसे अपने परिजनों व जानने वालों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें उन्होंने स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। महेश्वर पुलिस का यह प्रयास समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से रोका जा सके और एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

### 150 कावड़ियों का जत्था उज्जैन के लिए रवाना बोल बम के जयकारों के साथ किया नगर भ्रमण जगह-जगह हुआ कावड़ियो का स्वागत

**कसरावद।** बुधवार को जय श्री महाकाल पैदल कावड़ यात्रा के



150 कावड़ियो का जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ। सुबह 9 बजे कावड़ यात्रियों ने नर्मदा तट नावड़ाटौड़ी स्थित शालीवाहन शिव मंदिर पर पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आरती की। नर्मदा जल भरकर कावड़िये उज्जैन के लिए रवाना हुए, कावड़ यात्रीयो के नगर प्रवेश करते ही छोटा नाका पर छोटा नाका पैनल द्वारा बोल बम के जयकारो एवं पुष्पवर्षा के साथ कावड़ियो का स्वागत कर फल वितरित किए। तत्पश्चात कावड़ यात्रीयों ने नगर भ्रमण किया तथा कुशवाह मोहल्ला, राम मंदिर चौक, पाटीदार मोहल्ला, बड़ी माता चौक से जय स्तंभचौराहे होते हुए उज्जैन बाबा महाकालेश्वर के लिए रवाना हुए, इस दौरान कावड़ियो का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर ढोल ताशो के साथ स्वागत किया गया तथा कावड़ियो को पुष्पहार पहनाकर उज्जैन के लिए रवाना किया। कावड़ यात्रा के प्रमुख दिनेश पाटीदार ने बताया कि जय श्री महाकाल पैदल कावड़ यात्रा का यह 15 वां वर्ष है, क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं विश्व जनकल्याण की कामना के साथ यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 6 दिनों में लगभग 170 किलोमीटर की दूरी तय कर 21 जुलाई को उज्जैन पहुंचेगी जहां सभी कावड़ यात्री बाबा महाकालेश्वर को जल अर्पित कर जलाभिषेक करेंगे। यात्रा का पहला पढ़ाव ग्राम चोली में 16 जुलाई को, दुसरा पढ़ाव 17 जुलाई को पार्वती माता जलकोटी, तीसरा पढ़ाव 18 जुलाई को महू, चौथा पढ़ाव 19 जुलाई को इंदौर एवं पाँचवा एवं अंतिम पढ़ाव 20 जुलाई को सांवरे में होगा तथा 21 जुलाई को यात्रा उज्जैन महाकालेश्वर पहुंचेगी।

### सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया




**बिस्टान.** बन्हेर समीप ग्राम मांडवखेड़ा के कुंवर जी फल्या मे बुधवार को सांसद गजेंद्र सिंह पटेल द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले समुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया। सांसद की अनुशंसा पर स्वीकृत उक्त राशि से मांगलिक भवन की निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत मांडव खेड़ा रहेगी। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल ने उपस्थित ग्रामीण जनों से आग्रह किया कि ग्रामीण जन आर्थिक सहयोग देकर इस भवन को बड़ा और सुंदर बना सकते हैं। श्री पटेल द्वारा ग्रामीणों से आर्थिक सहयोग देकर भवन को अपनी आवश्यकता अनुसार बड़ा रूप देने की बात को आगृहपूर्वक बार-बार दोहराया गया। भूमि पूजन अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापू सिंह परिहार, ,जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह किराड़े, मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर, , सरपंच रणजीत वास्कले, भाजपा नेता चंदरसिह वास्कले, रूपेश मालविया ,बिल्लर सिंह सोलंकी , महेश डावर , जंगू कनासे , प्रकाश वास्कले, दिवान सिंह मंडलोई, पंचायत सचिव ओमप्रकाश शिक्षक रफीक बेग मिर्जा सहित सैकडो ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्राम गवला में तालाब निर्माण कार्य पूर्ण होने की कगार पर...

## मुआवजे के लिए भटक रहे दर्जनों किसान.... तालाब निर्माण के चलते डूब में गई है जमीन

नवभारत न्यूज

**भीकनगाँव, निप्र। झिरन्या विकासखंड के ग्राम गवला में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्माणाधीन तालाब के चलते अपनी कृषि भूमि गवाने वाले क्षेत्र के किसान मुआवजे के लिए भीकनगाँव से लेकर खरगोन तक कार्यालय कार्यालय भटक रहे है।**

गौरतलब है कि झिरन्या विकासखंड के ग्राम गवला में जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 2.05 करोड़ रूपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त तालाब निर्माण लगभग अपनी पूर्णता की ओर है मगर अभी तक उक्त तालाब निर्माण के चलते क्षेत्र के 49 किसानो की लगभग 65 एकड़ जमीन डूब क्षेत्र के लिए चिन्हित है।

जल संसाधन विभाग एवं पंजीकृत ठेकेदार द्वारा तालाब का निर्माण कार्य किसानो को नियमानुसार मुआवजा वितरण करने के पूर्व ही इसी वर्ष माह मार्च में शुरू कर दिया जो वर्तमान में लगभग अपनी पूर्णता की ओर है। कृषक मनोज राठौड़ ने बताया कि प्रभावित किसानों ने तत्समय भी मुआवजे को लेकर जलसंसाधन विभाग की अनुविभागीय अधिकारी मंजु चारेल से अपनी अपनी आपत्तियां दर्ज कराई थी लेकिन विभागीय अधिकारियों तथा ठेकेदार ने इस तालाब को वर्षाकाल प्रारंभ होने तक पुर्ण कर इसी वर्ष सिचाई हेतु जल संग्रहण की बात कहते हुए तालाब निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। इसके साथ ही किसानो को जल्द मुआवजा राशि देने का आश्वासन देते हुए तालाब निर्माण शुरू करने को लेकर सहमति ले ली। तालाब का कार्य शुरू होने तथा पूर्णता स्तर पर पहुंचने पर डूब में अपनी संपूर्ण भुमि गवां चुके किसानों को मुआवजा राशि न मिलने की दशा में अब रोजी रोटी की चिंता सताने लगी है। कुछ लघु कृषक तो बेरोजगार हो गए हैं। इस सम्बन्ध में जल संसाधन विभाग के उपयंत्री देवकरण मंडलोई से बात की तो उन्होंने बताया कि गत 15 जून को अवार्ड पारित हो चूका है, समस्त किसानो को अपने बैंक खातों संबंधी दस्तावेज जमा कराने के लिए सूचना दी थी। उपयंत्री श्री मंडलोई ने जल्द ही मुआवजा राशि किसानो के खातों में जमा हो जाने की बात कही है।



### 49 किसानों की 65 एकड़ कृषि भूमि की गई अधिग्रहित, मुआवजा के इंतजार में हुए बेरोजगार

उक्त तालाब में गवला ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र के 49 किसानो की लगभग 65 एकड़ कृषि भूमि डूब प्रभावित होकर शासन द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है।डूब प्रभावित किसानो में गुलाबचंद नारायण यादव मिटावल 7 एकड़, तिलक आशाराम गवला 10 एकड़, रामकली बाई जगन्नाथ 3 एकड़, ताराचंद सुकराम 8 एकड़, दगडू हिम्मत 4 एकड़, ज्ञानचंद बखतावर 10 एकड़, पप्पू सीताराम 4 एकड़, सुनील चंदू 3.5 एकड़, रामचंद्र असराद 4 एकड़, मुकेश रुखडू 4 एकड़, हरदास पिता लहिज्या 01 एकड़, तिलक पुनिया 3.5 एकड़, भगवान जोगीलाल 01 एकड़, मंगू हावला, पंडरी हावला, रमेश सहित 49 किसानो में से एक भी किसान को मुआवजा नही मिला। निर्माणाधीन तालाब की चिन्हित भुमि से डूब में प्रभावित होने वाले कृषकों का कहना है कि जलसंसाधन विभाग के अधिकारी तथा पंजीकृत ठेकेदार ने जल्द मुआवजा राशि देने का आश्वासन देते हुए किसानों को गुमराह कर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया मगर आज तक डूब से प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिली। प्रभावित किसान एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल सहित तमाम अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को अपनी पीड़ा से अवगत करा चुके हैं जहाँ हर बार उन्हें जल्द मुआवजा राशि मिलने का आश्वासन दिया जाता रहा मगर मुआवजा अभी तक नहीं मिल पाया है। ग्राम गवला के कृषक मनोज राठौड़ ने बताया कि जल संसाधन विभाग की अनुविभागीय अधिकारी मंजु चारेल ने राजस्व विभाग की टीम के साथ ग्राम गवला में 7 दिवसीय केंप लगाकर भुअधिग्रहण सहित अन्य समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया था लेकिन स्थिति जब की तस बनी हुई है।

### इनका कहना है...

किसानो की सहमति लेकर कार्य शुरू किया था, गत 15 जून को मुआवजे को लेकर अवार्ड जारी हो चूका है। किसानो द्वारा अपने बैंक खातों के सही दस्तावेज जमा नहीं किये गए है। जिन किसानो के दस्तावेज जमा हो गए है उन्हें जल्द ही मुआवजा राशि मिल जाएगी।

**देवकरण मंडलोई,** उपयंत्री जल संसाधन विभाग भीकनगाँव।

# अवैध फायर आर्म्स के विरुद्ध गोगावां पुलिस का एक ओर कड़ा प्रहार

## भिंड से अवैध फायर आर्म्स खरीदने आए एआरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**गोगावां।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण एवं अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन शकुन्तला रुहल के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर अवैध फायर आर्म्स पर पैनी निगाह रखने एवं अवैध फायर आर्म्स के नेटवर्क को चिन्हित कर उसे धवस्त कर प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम मे थाना गोगावां की पुलिस टीम के द्वारा अवैध हथियार की खरीद फरोक्त करते 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। 15 जुलाई को थाना गोगावां पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, 1 व्यक्ति जो की बाहर से आया हुआ है जो यात्री प्रतीक्षालय के पास बारवा मिल घुघिरयाखेडी के पास खड़ा हुआ है जो संभवत: अवैध हथियार की खरीद कर आया है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना गोगावां से पुलिस टीम का गठन किया गया एवं मुखबिर की सूचना से पुलिस टीम को अवगत करवाकर तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया।



पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान यात्री प्रतीक्षालय के पास बारवा मिल घुघिरयाखेडी के पास मुखबिर के बताये हुलिए के व्यक्ति की तलाश करने पर मुखबिर के बताये हुलिए का व्यक्ति पिट्ठु बैग लिए खड़ा दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम के द्वारा तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़ मे आए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सौरभ पिता शशिकांत शर्मा उम्र 33 साल निवासी मिहोना थाना मिहोना जिला भिण्ड का होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा सौरभ के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमे पुलिस टीम को 02 देशी पिस्टल मिली। सौरभ से पिस्टल रखने के संबंध मे लाइसेंस या दस्तावेज का पूछने पर उसने कोई लाइसेंस या दस्तावेज नहीं होना बताया।पुलिस टीम ने सौरभ पिता शशिकांत शर्मा उम्र 33 साल निवासी मिहोना थाना मिहोना जिला भिण्ड को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 02 नग देशी पिस्टल कीमती लगभग 50,000/- रुपये को नियमअनुसार विधिवत जप्त कर उनके विरुद्ध थाना गोगावां पर अपराध क्रमांक 281/25 धारा 25 (1) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



### प्रभात फेरी दल अयोध्या रवाना

**मंडलेश्वर।** भीलट मंदिर प्रभात फेरी मंडल के तेरह सदस्यीय दल को आज जेल रोड भीलट मंदिर मंदिर में पूजन के बाद विधायक राजकुमार मेव ने पुष्पमाला पहनाकर अयोध्या धाम तीर्थयात्रा के लिए रवाना किया दल में जितेन्द्र सिंह पटेल, कनक सिंह पटेल, राधेश्याम सोलंकी, राजेंद्र सिसोदिया, पूर्व पार्षद राजाराम केवट, रुकमणी केवट, गजरा बाई केवट, राधाबाई कुशवाह, कुसुम जीजी कुशवाह, अनिता कुशवाह, बली केवट, प्रेम जीजी चौहान, महाकोर बाई वर्मा शामिल है।प्रभातफेरी दल के जितेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण से पूर्व श्रीराम मंदिर निर्माण समिति अयोध्या के आव्हान पर नगर मंडलेश्वर में भी प्रभात फेरी निकालने का शुभारंभ किया गया। प्रभात फेरी की शुरुआत भिलट मंदिर में पूजा के साथ शुरू होकर नगर परिक्रमा की जाती है जो वापस मंदिर पर आकर प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होती है यह क्रम लगातार जारी है बारिश में भी श्रद्धालु भीगते हुए भी नगर परिक्रमा करते है। अयोध्या के लिए दल गुरुवार की सुबह श्रीराम मंदिर में दर्शन करेगा पश्चात यह दल आस पास के तीर्थ स्थानों प्रयागराज ,वाराणसी आदि पवित्र स्थानों के दर्शन करने के बाद लौटेगा। बुधवार सुबह भीलट मंदिर प्रांगण में सभी को सम्मानपूर्वक विदाई दी।भूपेंद्र सिंह चौहान , इंदरसिंह पटेल मनोज शर्मा राजपूत समाज अध्यक्ष अर्जुन सिंह पटेल चैतन्य पटवारी विक्की पाटीदार महेंद्र वर्मा दुर्गेश राजदीप सहित लोगों ने तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी।

# श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर में दो घंटे सप्तशती देवी पाठ आराधना करने वाले पुजारी का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** पावन श्रावण माह के विशेष अवसर पर नगर के अति प्राचीन श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर पुजारी पंडीत राजकुमार गांवशिंदे द्वारा निस्वार्थ भावना से पिछले कई वर्षों से सप्तशती देवी पाठ विश्व कल्याण की मंगल कामना को लेकर प्रतिदिन कर रहे हैं। यहां प्रतिदिन श्री चिंतामणि मंदिर में 2 घंटे प्रतिदिन पाठ करने वाले मदिर पुजारी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान श्रद्धालु विक्रांत मंडलोई करण सिंह पटेल, जगदीश वर्मा, विजय महाजन, धर्मेंद्र मंडलोई, गबन, इत्यादि श्रद्धालु उपस्थित रहे।



17 वर्ष से प्रतिदिन लगातार दो घंटे देवी सप्तशती पाठ से आराधना जारी है। अभी तक एक लाख चालीस हजार जप पाठ कर चुके मंदिर पुजारी ने बताया देश की आर्थिक उन्नति प्रगति तथा विश्व की मंगल कामना को लेकर रोजाना पाठ में जुटे हुए हैं। मंदिर पुजारी पंडित राजकुमार गावशिंदे द्वारा वर्ष 2008 से लेकर यहां अभी तक प्रतिदिन 2 घंटे देवी आराधना पाठ का सिलसिला चल रहा वर्तमान में एक लाख पैतीस हजार पाठ कर चुके हैं। पाठ का मुख्य उद्देश्य देश में खुशहाली हो आर्थिक रूप से मजबूत होकर तरक्की करे। सभी की मंगल कामना को लेकर यह पाठ निरंतर जारी है। उन्होंने आगे बताया कि यह पाठ जब तक जीवन रहेगा तब तक जारी रहेगा। सप्तशती पाठ के माध्यम से माता की आराधना का सौभाग्य मिला है।

पंडित गावशिंदे ने बताया पिछले 17 वर्षों से देवी पाठ किया जा रहा है। बाहर जाने पर भी इस कर्म को निभाते हैं। समय निकालकर पाठ जरूर करते हैं। यदि किसी कारणवश पाठ नही हो पाता है तो फिर लगातार 2 घंटे की बजाए 4 घंटे सुबह से शाम तक पाठ को पूरा करते हैं।



### जनभागीदारी समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**भीकनगांव, निप्र।** 16.07.2025 को जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगॉव में हरीश शर्मा की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन संस्था प्राचार्य लक्ष्मण डावर द्वारा किया गया। उक्त बैठक में आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के ड्रेस कोड लागू करने, महाविद्यालय के पुराने फर्नीचर रिपेरिंग एवं रंगाई करने, महाविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर के पांच विषयों की कुल 80 पेपर की संबंधित किताबों, रिफरेंस बुक्स, प्रतियोगी बुक्स एवं जर्नलस् के क्रय के लिए, प्रयोगशाला संचालन, व्यवस्था एवं महाविद्यालय के नवनीर्मित भवन एवं पुराने भवन में सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु सी.सी.टी.वी.केमरे एवं एल.सी.डी./डीवीआर लगाने, व्यावसायिक पाठ्यक्रम जैविक खेती में जनभागीदारी मद से 01 अतिथि विद्वान की पूर्ति करने इत्यादि मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक समाप्ति के पश्चात महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण का कार्य किया गया जिसमे नीम, पीपल, गुलमोहर इत्यादि पौधे लगाये गये।

## एक नजर में

### कलेक्टर और एसपी ने ली शिवडोला समिति की बैठक

# शिवडोले में 16 फीट से ऊंची झाकियां न बनाएं, भजनों/ गानों की थाने में देना होगी रिकॉर्डिंग

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** प्रदेश के महते आयोजनों में शामिल शहर में भादौ दूज को निकलने वाले शिवडोला अपनी भव्यता को लेकर न केवल श्रद्धालूओं बल्कि शासन- प्रशासन के लिए भी आकर्षण का केंद्र होता है। इस वर्ष 11 अगस्त को शिवडोला निकलेगा। इसके साथ ही जैतापुर क्षेत्र स्थित अतिप्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर से भी 27 जुलाई को शिवडोले के रुप में ऋणमुक्तेश्वर महादेव शहर भ्रमण करेंगे।

इन धार्मिक आयोजनों को भव्यता देने के लिए जहां समितियां तैयारियों में जुटी है,




वहीं इन आयोजनों में शामिल होने वाले श्रद्धालूओं की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस भी प्रशासनिक व्यवस्थाओं में जुट गया है।

बुधवार को पुलिस कंट्रोल रुप में दोनों महते आयोजनों को लेकर पुलिस कंट्रोल रुम में बैठक आहुति की गई, जिसमें सिद्धनाथ महादेव मंदिर समिति एवं जैतापुर शिवडोला समिति के सदस्य व आयोजक मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल और एसपी धर्मराज मीना ने शोभायात्रा के दौरान लगने वाले सभी स्टॉलों की जानकारी, थाना प्रभारी को उपलब्ध कराने, भड़काऊ या आपत्तिजनक गाने न बजाने, धार्मिक संगीत/ गानों की सूची व रिकॉर्डिंग थाने पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीजे साउंड के उपयोग में उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा- निर्देशों के पालन की हिदायत दी। झांकियों, नृत्य दलों, अखाड़ा दलों एवं अन्य सांस्कृतिक समूहों के आयोजक अपने दल के सदस्यों की जानकारी शिवडोला समिति, एसडीएम व थाना प्रभारी को उपलब्ध कराएंगे। बड़े ट्राले पर झाकियां नहीं बनेगी, झांकियां 16 फिट तक की ऊंचाई तक ही बनेगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### सदस्यों के बीच सर्वसम्मति बनी

उपरोक्त सभी विषयों पर पुलिस .प्रशासन एवं समिति के सदस्यों के बीच सर्वसम्मति बनी। समिति सदस्यों ने कहा कि शिवडोला शांति, समरसता एवं परंपरागत गरिमा के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा। किसी भी स्थिति में कानून .व्यवस्था को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में एएसपी शकुन्तला रुहल, एसडीएम बीएस कलेश, नगर पालिका सीएमओ कमला कौल, थाना प्रभारी बीएल मंडलोई, शिव डोला कमेटी के अध्यक्ष नवनीत भण्ड़ारी, कोषाध्यक्ष राधाकृष्ण महाजन, सचिव विनित महाजन, सचिव रविधारे आदि मौजूद रहे।